Press Release

Date: 20.07.2010

<u>तीसरा जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फैस्टिवल जनवरी 2011 में</u>

पहली अगस्त से 31 अक्टूबर 2010 तक देश विदेश के फिल्म मेकर अपनी फिल्में समारोह में भेज सकते हैं

जयपुर, 20 जुलाई : तीसरे जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फैस्टिवल का आगाज अगले वर्ष जनवरी 27 को होगा। मगर समारोह अपनी विश्वव्यापी तैयारियों को लेकर अभी से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बार समारोह चार दिन तक चलेगा जिसमें शार्ट फिल्में, डॉक्यूमेन्ट्री फिल्में, तथा इस वर्ष से एनीमेशन शार्ट फिल्म व फिचर फिल्मों का प्रदर्शन प्रतियोगी व गैर प्रतियोगी श्रेणियों में किया जायेगा। समारोह में फिल्म प्रविष्टियाँ आमन्त्रित की जा रही हैं। पहली अगस्त से 31 अक्टूबर 2010 तक देश विदेश के फिल्म मेकर अपनी फिल्में समारोह में भेज सकते हैं। इस बार से एन्ट्री फीस भी रखी गई है।

समारोह में फिल्म निर्माता निर्देशक समारोह की बेवसाईट www.jiffindia.org, www.veenumusiconline.com and www.withhoutabox.com पर फिल्म सबमिट करा सकते हैं। फिल्म सबमिट कराने के लिए वर्ड, पीडीएफ और ऑनलाईन तीनो ही फॉरमेट है। इस तरह की विभिन्न सुविधाएँ देने वाला यह विश्व का पहला समारोह है।

समारोह में हॉलीवुड व बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म मेकर्स भी भाग लेंगे। जीफ 2011 में दो वर्ल्ड प्रीमियर भी रखे गये हैं। समारोह के समानान्तर पैरेलल सैशन यंग एवं फ्रिलांसर फिल्म मेकरस व नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला भी आयोजित की जायेगी। समारोह के निदेशक हनु रोज ने बताया कि समारोह की एक बड़ी उपलब्धि यह है कि लगभग 100 देशों की फिल्म इंडस्ट्री व फिल्म मेकर्स के साथ 7 वर्ष का कलेण्डर शेयर किया जा रहा है। इससे समारोह के प्रति दुनियाभर के फिल्म मेकर्स का रूझान और बढ़ेगा।

हनु रोज ने बताया कि इस बार पांच नये अवार्ड दिये जायेंगे इनमें से चार फीचर फिल्म श्रेणी में गोल्डन कैमल बेस्ट डायरेक्टर को, ग्रीन रोज विश्व स्तर पर संदेश देने वाली फिल्म को, यलो रोज अप्रदर्शित फिल्म को तथा रेड रोज वर्ल्ड प्रीमियर फिल्म को दिया जायेगा तथा पांचवा अवार्ड बेस्ट शार्ट एनिमेशन फिल्म को दिया जायेगा।

समारोह को विश्वव्यापी, ग्लैमरता से परिपूर्ण बनाने तथा सिनेलवर्स और फिल्म मेकर्स के स्वागत में पलक पावने बिछा देने के क्रम में इस बार ऑस्कर व कान फिल्म समारोह की तर्ज पर 'रेड कॉरपेट' की शुरूआत की जा रही है। रेड कॉरपेट अवार्ड सेरेमनी ढाई घण्टे तक आयोजित की जायेगी। 'रेड कॉरपेट' की शरूआत, राजस्थान ही नहीं सम्पूर्ण भारत के लिए गौरव की बात है। दुनिया का यह तीसरा समारोह है जो 'रेड कॉरपेट' थ्योरी पर आयोजित हो रहा है। साथ ही इस समय फैशन शो, रंगीन आतिशबाजी, संगीत, नृत्य व गाला डीनर जैसे विभिन्न आयोजन भी होंगे।

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजस्थान के फिल्म निर्माता निर्देशकों के लिए अलग श्रेणी रखी गई है। हनु रोज ने बताया कि जनवरी में आयोजित दूसरे संस्करण में 41 देशों से 350 फिल्में प्राप्त हुई थी जिसमें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की अंतिम मंजूरी के बाद 87 फिल्मों का प्रदर्शन समारोह में किया गया था इसमें से 15 फिल्म राजस्थान से थी।

समारोह की नई बेवसाईट का अवलोकन करें। www.jiffindia.org

Media Room at JIFF-2011,
Email: media@jiffindia.org,
info@jiffindia.org

(हनुरोज)
निदेशक
जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फैस्टिवल